53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.4°c अधिकतम 32.8 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:03, सूर्यास्त - 6:24 | वर्ष : 53/अंक : 255 सोमवार, 15 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कामयाबी के दरवाजे उन्हीं के लिए खुलते हैं, जो उन्हें खटखटाने की ताकत रखते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आश्चर्य होता है कि लोग भारत में हिंसा की कामना कर रहे हैं, भारत में उनके लिए कोई जगह नहीं है : दिनेश शर्मा



ऐसे लोगों को क्या कहें गालिब.... शर्म उनको मगर नहीं आती.....



उतार लो अपनी टोपी, नहीं तो हम उतार ले जाएंगे



अस्पताल के बाहर पेड़ पर टंगा कपड़ों का बाजार



दस फुट पीछे दुकान, और फल दस फुट आगे रखकर बेच रहे श्रीमान

# एक और सराहनीय प्रयास, ई-रिक्शाओं पर लगाम के लिए ब्लू प्रिंट तैयार

**मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)।** शहर में अवैध और अव्यवस्थित तरीके से चल रहे ई-रिक्शा पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। ई-रिक्शाओं को 'सांचे में ढालने' के लिए एक विस्तृत 'ब्लू प्रिंट' तैयार किया गया है, जिसके तहत केवल वही ई-रिक्शा चल पाएंगी, जिनके पास सभी जरूरी कागजात होंगे। इस कदम का उद्देश्य न सिर्फ यातायात को सुगम बनाना है, बल्कि ई-रिक्शा चालकों और यात्रियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। यातायात विभाग की माने तो ई-रिक्शा के पंजीकरण, परमिट और फिटनेस की प्रक्रिया को सख्त कर दिया गया है। अगर कोई ई-रिक्शा चालक इन सभी मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो उसे सड़क पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे ई-रिक्शा को 'बेकार' घोषित कर दिया जाएगा और उन पर सीज की कार्रवाई की जाएगी। इस नए नियम से उन हजारों ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के अपनी गाड़ियां चला रहे हैं। हालांकि, प्रशासन का मानना है कि यह कदम लंबे समय में सबके लिए फायदेमंद साबित होगा। इससे न केवल सड़कों पर भीड़ कम होगी, बल्कि वैध चालकों को भी राहत मिलेगी।

## नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)।** ट्रैफिक पुलिस ने साफ कर दिया है कि जो चालक इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और रिक्शा जब्त करने की कार्रवाई भी शामिल है। परिवहन अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक सुचारू और सुरक्षित बनाएगा।

## शिव चौक पर सिर्फ 50 ई-रिक्शा को मिलेगी अनुमति, बाकी को किया जाएगा रूट जारी

**मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)।** शहर की बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए, प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब शिव चौक पर केवल 50 ई-रिक्शा को ही स्थायी रूप से आने जाने की अनुमति मिलेगी। बाकी सभी ई-रिक्शा चालकों को नए रूट दिए जाएंगे, ताकि शहर में यातायात का दबाव कम हो सके। यह फैसला शहर की मुख्य चौराहों, खासकर शिव चौक, पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए लिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, सुबह और शाम के समय शिव चौक पर ई-रिक्शा की भारी भीड़ के कारण अक्सर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम जनता बिना किसी रुकावट के आवाजाही कर सके। बाकी सभी ई-रिक्शा चालकों को शहर के अन्य हिस्सों, जैसे बस स्टैंड, महावीर चौक, और रेलवे स्टेशन, आर्य समाज रोड़, मीनाक्षी चौक शामली अड्डा आदि के लिए अलग-अलग रूट दिए जाएंगे। उन्हें इन्हीं रूटों पर अपनी सेवाएं देनी होंगी।

## 3 लुटेरों ने तमंचे दिखा दादा-पोते से जेवर लूटे



**बुढ़ाना, 14 सितम्बर (बु.)।** मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे दादा व पोते को 3 तमंचेधारी लुटेरों ने उनकी बाइक रुकवाकर उनके पास से सोने-चांदी के जेवरात, 4 हजार रुपए और मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद बदमाशों ने दोनों को ईंख के खेत में बंधक बनाकर डाल दिया और जंगल के रास्ते फरार हो गये। लूट की घटना की सूचना मिलने पर बुढ़ाना पुलिस में हड़कंप मच गया और तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ी। शिवम पुत्र किरणपाल वर्मा निवासी बुढ़ाना ने गांव हबीबपुर सीकरी में ज्वैलरी की दुकान की हुई है। आज रविवार की प्रातः करीब 9 बजे वह अपने घर से गांव मंदवाड़ा के एक ग्राहक का 70 ग्राम सोना, ढाई किलोग्राम चांदी लेकर अपने दादा नेमचंद पुत्र रामनिवास के संग बाइक पर जा रहा था, जब वे सीओ आवास से कुछ ही दूरी पर मंदवाड़ा रोड की तरफ गये, तो धीमी रफ्तार से चल रही उनकी बाइक को अचानक से ईंख के खेत से निकले 3 अज्ञात लुटेरों ने धक्का देकर गिरा दिया और दोनों दादा-पोते को ईंख के खेत में ले जाकर अपने साथ लाई रस्सी से बांधकर उनके पास से 70 ग्राम सोना, ढ़ाई किलोग्राम चांदी, 4 हजार रुपये व मोबाइल लूटकर ईंख के रास्ते फरार हो गये। लुटेरों के जाने के बाद शिवम ने किसी तरह खुद को व दादा को बंधन मुक्त किया और ईंख से बाहर निकलकर शोर मचा दिया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों की भीड़ जमा हो गयी। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने घटनास्थल की ओर दौड़ लगा दी। कोतवाल सुभाष अत्री ने घटना के संबंध में शिवम से जानकारी लेकर काम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

### एसपी क्राइम ने भी किया घटनास्थल का दौरा

**बुढ़ाना, 14 सितम्बर (बु.)।** दादा पोते से हुई लूट की घटना की खबर मिलते ही एसपी क्राइम इंदु विश्वकर्मा सीओ गजेंद्र पाल सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर कोतवाली पहुंचकर दादा-पौत्र से भी बात की। घटनास्थल पर फोरेंसिक व साइबर टीम भी पहुंची। उधर स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव वर्मा ने घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पहुंचकर एसपी क्राइम से बात कर घटना के खुलासे की मांग की, जिस पर उन्होंने एक दो दिन में ही घटना का सही खुलासा करने का आश्वासन दिया। वहीं फरार अज्ञात लुटेरों को पकड़ने को दो टीमें भी गठित की गयी हैं।

## शहर में पांचवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा, नो पार्किंग में कटे चालान

**मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)।** नगर में पांचवे दिन भी नो पार्किंग को लेकर जमकर चालान काटे गए इस दौरान पालिका द्वारा अतिक्रमण भी हटवाया गया। रूड़की रोड़ पर नावेल्टी चौक से पाल धर्मशाला, मीनाक्षी चौक से शिव चौक तक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई दुकानदारों का सामान फिर एक बार चेतावनी देकर पीछे हटवाया गया और नो पार्किंग में खड़े वाहनों के चालान काटे गए। इस दौरान टीम ने सड़क किनारे लगे रेहड़ी-पटरी और अवैध होर्डिंग्स को भी हटाया। अभियान में शहर की तस्वीर अब पहले से ज्यादा व्यवस्थित दिखाई दी। चौराहों पर यातायात सुचारू रूप से चलता हुआ भी दिखाई दिया। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे अपनी दुकान का सामान तय सीमा के अंदर ही रखें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहरवासियों ने इस पहल की सराहना की है, जिससे सड़कों पर पैदल चलने वालों के लिए जगह बन रही है और जाम की समस्या में भी कमी आई है। इस अभियान के दौरान कही पेड़ में वेल्डिंग कर सरकारी खंभों का पूर्ण स्तेमाल करते दुकानदार अतिक्रमण करते दिखे जिन्हें टीम द्वारा हाथों हाथ ग्लाइडर से कटवाकर हटवाया गया, किसी ने पेड़ पर कपड़ो की नुमाइश लगाकर हरे भरे पेड़ को रंगीन कपड़ों की दुकान बनाया हुआ था तो कोई सड़को पर पक्का सीमेंटेड पेडी बनाकर दुकान सजाता दिखा। इस दौरान चाय की टपरी हो या फिर होटल ढाबों का छप्पर सबको मौके से हटाकर पूरा इलाका साफ कराया गया। सबसे अनोखा अतिक्रमण तो तब दिखा जब रूड़की रोड़ अस्पताल बिजली घर के सामने ट्रांसफार्मर के पास ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने वाला वाहन जर्जर हालत में रोड पर अतिक्रम करता हुआ दिखाई दिया जिसके नीचे काफी संख्या में गंदगी देखने को मिली। अब ऐसे में सोमवार को पालिका द्वारा इन सब पर कार्रवाई किस तरह से करेगी ये देखने वाली बात होगी। फिलहाल सख्त चेतावनी के बाद दी गई अतिक्रमण हटाने को हिदायत का असर तो शहर में देखा जा रहा है लेकिन ये जनता को सकून कब तक देगा ये देखने वाली बात होगी।

## अतिक्रमणकारी रहें सावधान : अब चालान के साथ-साथ हाथोंहाथ उठा लिया जायेगा सामान

**मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)।** जी हां कई वर्षों बाद प्रशासन को जोश के साथ-साथ होश भी आया है और शहर की सड़कों से अतिक्रमण से निजात दिलाने में हर सम्भव प्रयास जी जान से किया जा रहा है। कुछ लोग मुगालता पालकर बैठे हैं कि यह बस दो-चार दिन चलेगा तो उनके लिए यह चेतावनी है कि अब अतिक्रमण के नाम पर जितना चाहो उतना सड़कों पर रखो सामान, क्योंकि अब चालान काटने के साथ-साथ पालिका हाथोंहाथ उठा ले जाएगी सामान। बड़ी बात यह है कि किसी की सोर्स सिफारिश भी इसमें चलने वाली नहीं है। इसलिए जैसा मन करे वैसा करो। यदि मन करता है कि सामान ही उठवाना है तो सड़कों पर खूब रखना सामान। आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर में वर्षों से यही चलता आ रहा है कि बातें तो सब करते हैं कि यह शहर खुला और साफ सुथरा होना चाहिए, मगर सहयोग को कोई तैयार नहीं होता। अजीब बात यह है कि 30 से अधिक व्यापार संगठन इसी शहर में भलाई के काम करते दिखाई पड़ते हैं, लेकिन अतिक्रमण हटवाने में वे भी असफल दिखाई देते हैं, क्योंकि कोई भी अपने सिर बुराई लेना नहीं चाहता। नेताओं को वोट बटोरने की रहती है और प्रशासन की मंशा कभी ऐसी दिखाई नहीं पड़ती कि जिस शहर में वे इतने उच्च पद पर विराजित हैं, उस शहर का कुछ भला करके जाएं। मगर इस बार मुजफ्फरनगर का सौभाग्य अच्छा है कि नगर के अधिकारी टीम वर्क बनाकर जुझारू रूप से काम कर रहे हैं और बिना किसी की सुनवाई करते हुए सिर्फ एकाध सड़क पर नहीं बल्कि हरेक सड़क पर जाकर अतिक्रमण हटवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसी के अनुरूप कार्य भी किया जा रहा है। लगातार यह जज्बा कायम रहा तो वास्तव में शहर की तस्वीर बदल जाएगी और पैदल चलने वालों को सड़कों पर चलने के लिए जगह मिल सकेगी। अब देखना यह होगा कि दुकानदार प्यार की भाषा समझ पाते हैं या फिर अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान उठवाकर ही मानेंगे।

NP MZN

## पालिका में दो अफसरों सहित 12 का वेतन रुका, हड़कंप


**▶▶ ड्यूटी में लापरवाही व ऑडिट टीम की शिकायत पर गिरी गाज**

**▶▶ कर्मचारी संगठन ने वेतन को लेकर दी चेतावनी, वार्ता आज**

**मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)।** पालिका में अफसरों के साथ कर्मचारियों की लापरवाही एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। ईओ ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के साथ ऑडिट टीम की दी शिकायतों पर दो अफसरों और 10 कर्मियों का वेतन रोक दिया है। इन 12 लोगों का वेतन रुक जाने से कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने ईओ को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र वेतन जारी नहीं किया तो कार्य बहिष्कार और हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सोमवार को इस मुद्दे पर ईओ और संगठन के बीच वार्ता तय की गई है।

शासन में हुई शिकायतों के तहत पालिका में कुछ विवादित प्रकरणों को लेकर विशेष ऑडिट का काम जारी है। इसी ऑडिट टीम को वांछित दस्तावेज और पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। टीम प्रभारी ने इसकी शिकायत ईओ प्रज्ञा सिंह से की तो उन्होंने जांच में दोषी पाये जाने पर अफसरों व संबंधित लिपिकों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी। वहीं ड्यूटी में लापरवाही बरते जाने, बिना अवकाश सूचना के गायब रहने पर भी कुछ कर्मियों का वेतन रोका है। इसको लेकर पालिका में संगठन और प्रशासन के बीच में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष ब्रजमोहन व महामंत्री सुनील वर्मा ने बताया कि ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से मिलकर उनको पत्र दिया गया। इसके साथ चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भी समस्या से अवगत कराया गया। संगठन का कहना है कि इन दिनों कार्य अधिकता के बीच में कर्मचारी मानसिक दबाव सहकर भी कार्य कर रहे हैं। उन्हें पालिका में अपने दायित्व निभाने के साथ ही अपने निर्धारित पटल से अतिरिक्त अन्य पटल के कार्य भी सम्पादित करने पड़ रहे हैं, जबकि गत वर्षों में बड़ी संख्या में पालिका कार्यालय का स्टाफ सेवानिवृत्त हो चुका है तथा निकट समय में भी कुछ कर्मचारी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में कार्य व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से कर्मचारी कार्यालय समय के अतिरिक्त सायं 5 बजे के उपरांत एवं अवकाश के दिनों में भी कार्य करना पड़ता है, वहीं कर्मियों द्वारा शासन द्वारा चलाये जाने वाले महत्वपूर्ण व राष्ट्रीय हित के कार्य सम्पादित किये जाते हैं। इसके साथ ही समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों में जैसे-अतिक्रमण, पॉलिथीन अभियान, कांवड़ यात्रा संबन्धी महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ सम्पादित किये जाते हैं। इसके बाद भी उनका उत्पीड़न हो रहा है। ऐसे में गत माह कई कर्मियों के आकस्मिक अवकाश पर होने पर भी उनका वेतन रोका गया है। इनमें से कई कर्मियों ने सीएल दिया है, परन्तु फिर भी उन पर कार्यवाही हुई। इससे वो मानसिक रूप से परेशान हैं। संगठन शाखा अध्यक्ष ब्रज मोहन और महामंत्री सुनील वर्मा ने बताया कि ईओ ने एई निर्माण नेपाल सिंह, कार्यवाहक टीएस पारूल यादव के साथ ही लिपिक प्रवीण कुमार, फिरोज खां, राजीव वर्मा, नितिन कुमार, शोभित सिंघल के अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मियों वसीम अहमद, अरूण कुमार, इमरान, बिजेन्द्र आदि का वेतन रोका गया है। ये सीधे तौर पर कर्मियों का उत्पीड़न है और इस निर्णय से कर्मचारियों में नाराजगी है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समाधान नहीं होता है तो कार्य बहिष्कार भी किया जायेगा।

*ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि ऑडिट टीम को वांछित सूचना और पत्रावलियां विभागों से उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जिससे पालिका प्रशासन की छवि धूमिल हुई और शासन से भी नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य, निर्माण व कर विभाग अफसरों व कर्मचारियों का वेतन वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने तक ही रोका है, ये उनका दायित्व है। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इमरान 3 माह से ड्यूटी पर नहीं आ रहा है।*



## पिस्टलनुमा खिलौनों की बिक्री पर लगी रोक

**मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)।** शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला के दो युवकों के सोशल मीडिया पर लाइटर गन के साथ फोटो वायरल हुए थे। लोगों ने इसे वास्तविक पिस्टल समझने के बाद सोशल मीडिया पर दोनों युवकों की फोटो वायरल कर दी थी। तुरन्त प्रशासन हरकत में आया तो रामलीला टिल्ला निवासी दोनों युवकों सुंदरम व अरुण को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों पिस्टल लाइटर गन निकली। जोकि अवैध शस्त्र में नहीं आती है। हाथोंहाथ अभियान चलाकर 3 दुकानों से 19 पिस्टल खिलौना व लाइटरनुमा बरामद की गयी और दुकानदारों को अब इन्हें न बेचने की हिदायत दी गयी। क्योंकि पुलिस का मानना है कि ऐसे पिस्टल के साथ फोटो वायरल होने से दहशत व भ्रान्ति दोनों फैलते हैं। फिलहाल इनकी बिक्री पर रोक लगाई गयी है ताकि इनका कोई दुरूयोग न कर सके। फिलहाल दोनों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

## रोडवेज बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

**मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)।** नगर के पचेंडा बाईपास पर रविवार देर शाम ट्रैक्टर ट्राली में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिसमें ट्रैक्टर ट्रॉली बस में जा घुसी और ट्रॉली चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में रोडवेज बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको डॉयल 112 के द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर नई मंडी कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय आमिर आलम पुत्र रियाज निवासी सुजडू थाना खालापार के रूप में हुई। जिनके परिजनों को सूचना दी गई तो जिला अस्पताल परिजनों का कोहराम मच गया। मृतक के घर में पिता रियाज, मां, बड़ी बहनें हीना, अलीशा, सना और छोटा भाई हसलान है। वहीं गंभीर रूप से घायल रोडवेज बस चालक 40 वर्षीय संजीव पुत्र महक सिंह निवासी हरेटी थाना पुरकाजी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि रोडवेज बस हरिद्वार से दिल्ली की ओर जा रही थी।



## धीरे-धीरे बढ़ने लगे अपराध, 70 वर्षीय महिला से सत्संग के दौरान सोने की चेन काटी

**मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली रोड स्थित गोशाला मौहल्ले के रहने वाले पुष्कर गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्संग भवन में उनकी माताजी विनोद बाला देर शाम कथा सुनने के लिए गयी थी, जिनके गले में 35 ग्राम सोने की चेन थी। जैसे ही वह सत्संग भवन जाने के लिए गली में मुड़ी तो उनके पीछे कुछ महिलाएं भी घुस गयी। आरोप है कि कथा समाप्ति के बाद आरती के समय भीड़ का फायदा उठाकर धक्का-मुक्की करते हुए उनकी चेन काट ली। घर लौटने पर जब उनकी माता को गले से चेन गायब मिली, तो उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और कथा के प्रसारण की रिकार्डिंग देखी। इनमें उक्त संदिग्ध महिलाओं के चेहरे साफ दिखाई दे रहे हैं। पुष्कर गोयल का कहना है कि काफी तलाश के बाद भी इन महिलाओं की कोई जानकारी नहीं मिली है। वह महिलाएं उनके क्षेत्र की भी नहीं थी। सभी लोग उन्हें देखकर पहचानने से मना कर रहे हैं। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से महिलाओं की पहचान की जा रही है।

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



**डॉ. चिराग जैन**
सीनियर कंसल्टैंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025 | सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

**समस्याएँ:** वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

**डॉ. राजिंदर कौर सग्गू**
सीनियर डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ब्रेस्ट कैंसर)
गुरुवार, 18 सितम्बर, 2025 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे
सेवा मेडिकेयर, महावीर चौक मुजफ्फरनगर

**समस्याएँ:** ब्रेस्ट में गांठ , ब्रेस्ट में दर्द या असहजता, ब्रेस्ट के आकार या बनावट में बदलाव, निप्पल में बदलाव, ब्रेस्ट की सूजन (लिम्फ नोड) का बढ़ना इत्यादि।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540**

www.maxhealthcare.in
**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली** (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

